>

Title: Need to run a DMU train between Merta Road Railway Station and Merta City in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : राजस्थान के मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द के अंतर्गत आने वाले उत्तर–पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत मेड़ता रोड जंक्शन एवं मेड़ता सिटी के बीच विगत काफी समय से रेल बस संचालित की जा रही है। यह रेल बस सेवा मेड़ता जंक्शन पर जयपुर–जोधपुर रेलवे माग पर संचालित होने वाली ट्रेनों के आवागमन के समय के अनुसार मेड़ता रोड से मेड़ता सिटी के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गयी थी। चूंकि उक्त रेल बस में एक ही डिब्बा है। अतः इसमें सवारियों का अत्यधिक दबाव रहता है। अतः बड़ी संख्या में इस रेल माग पर यात्रा करने वाले लोगों विशेषकर महिलाओं को विशेष असुविधा का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा अनुरोध है कि उपरोक्त रेल मार्ग पर रेल बस के स्थान पर अधिक डिब्बों वाले डी.एम.यू. का संचालन सुनिश्चित किये जाने की कृपा करें।